लखनऊ के डिफेंस पार्क में वायरलेस संचार सेट बनेंगे

जेएनवी एरिका कंपनी के साथ डिफेंस पार्क के लिये अनुबंध (एमओयू) करते हुए यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी

राज्य मुख्यालय | विशेष संवाददाता

जेएनवी एरिका कंपनी डिफेंस कॉरिडोर के लखनऊ नोड में दस एकड़ जमीन पर डिफेंस पार्क बनाएगी। इसमें वायरलेस कम्युनिकेशन सेट व डिफेंस इलेक्ट्रानिक्स उपकरण बनाए जाएंगे। इसमें वह 50 करोड़ का निवेश करेगी। इसी कंपनी ने अलीगढ़ नोड में 25 करोड़ निवेश के साथ 5 एकड़ भूमि की मांग की है।इसमें उसकी योजना के रक्षा उत्पादों में लगने वाले रबर के अलावा एल्यूमीनियम धातु के पार्टस बनेंगे।

यूपीडा के सीईओ अवनीश अवस्थी ने इस बाबत सोमवार को कंपनी के साथ दो अनुबंध किए। अवनीश अवस्थी ने कम्पनी को आश्वासन दिया कि कम्पनी को उसके द्वारा प्रस्तावित भूमि उपलब्ध करायी जाएगी। जेएनवी एरिका प्रतिनिधि विजय सुजान ने कहा कि उत्तर प्रदेश का माहौल बदल गया है। डिफेंस कारिडोर की प्रगति को देखते हुए निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश करने के लिए उत्साहित है।

निवेश

- अलीगढ़ में 53 हेक्टेयर में होगा डिफेंस पार्क का विस्तार
- अलीगढ़ डिफेंस कॉरिडोर में 1021 करोड़ रुपये का होगा निवेश

डिफेंस कारिडोर के अनुबंध हस्ताक्षर के दौरान यूपीडा के डिफेंस एडवाइजर (रि0)कर्नल के.एस. त्यागी, एसीईओ श्रीश चन्द्र वर्मा एवं मीडिया सलाहकार दुर्गेश उपाध्याय समेत डिफेंस कारीडोर से सम्बन्धित विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। अलीगढ़ में निवेश करने के लिए 20 कम्पनियों के साथ यूपीडा ने एमओयू पर हस्ताक्षर किये है।